## प्रैस विज्ञप्ति

''खेलकूद विद्यालय राई में दिल्ली रेल कॉर्पोरेशन नई दिल्ली की साइकिल यात्रा टीम का भव्य स्वागत।''

आज दिनांक 29 दिसम्बर को मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय राई में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन की साइकिल यात्रा टीक का भव्य स्वागत किया गया। स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव मना रहे देश का यह दल 02.10.2021 को राजघाट पर अपनी यात्रा समाप्त करेंगें। देश के अनेक हिस्से से और टीमें भी पहुचेंगी।

इस दल में जहाँ पुरूष वर्ग जलियावाला बाग (अमृतसर) से शामिल हुए वहीं अम्बाला से आधी आबादी भी जुड़ी। सशस्त्र बल के वर्तमान DIG श्री जितेन्द्र राणा (IPS) जो विद्यालय के पूर्व छात्र रहे है का संदेश भी CISF के कमांडेंट अरूण द्वारा बतलाया गया।

सांस्कृतिक कायक्रमों की कभी न भूलने वानी आजादी के दीवानों का ध्यान में रखकर देश की संरक्षण और सुरक्षा से सम्बंधित प्रस्तुति सराहनीय रही।

प्रस्तुति के अन्तर्गत केन्द्रीय औद्योगिक बल की उपलब्धियों पर आधारित संक्षिप्त फिल्म और नारी सशक्तिकरण पर प्रस्तुत अंश भी रोचक रहें।

उपप्राचार्य श्री मौसमी घोषाल आतिध्य उद्बोधन में प्रस्तुति की भूरि–भूरि प्रशंसा दी और शहीदों के अवदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान समस्त आधिकारीगण अध्यापकगण, प्रशिक्षकगण एवं विद्यालय के छात्र मौजूद रहें।